THE MINISTER OF ENERGY (SHRI VASANT SATHE); (a) and (b) The target and actual production of coal in the country during the last *three* years are as under;

(Figures in million tonnes)

Year	Target	Actual production
1982-83 . .	133·00	130·50
1983-84 . .	142·00	138·22
1984-85 . .	152·00	147·40

(c) Several steps are being taken to increase the production of coal. These include improving, the infrastructural facilities, opening of new mines, improving the productivity of men & machinery, expediting land acquisition for coal mining projects and controlling absenteeism.

प्राकृतिक गैस की उपलब्धता

1394. **श्री जगदम्बी प्रसाद यादव** : क्या **पैट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) इस समय देश में कितनी प्राकृतिक गैस उपलब्ध है ;

(ख) किन-किन स्थानों से यह प्राकृतिक गैस प्राप्त होती है और किन-किन स्थानों से इस गैस के मिलने की संभावना है ;

(ग) इस कार्य में कौन-कौन से देश भारत के साथ सहयोग कर रहे हैं तथा वे कब से सहयोग कर रहे हैं ; और

(घ) क्या प्राकृतिक गैस का संपूर्ण सर्वेक्षण कर लिया गया है ; यदि हां, तो इस संबध में प्रतिवेदन का ब्यौरा क्या है ?

पैट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के **राज्य मंत्री** (श्री चन्द्र शेखर सिंह) : (क) 1.1.1985 को देश में शेष अप्राप्य भण्डारों में लगभग 479 बिलियन घनमीटर गैस के होने का अनुमान लगाया गया है ;

(ख) प्राकृतिक गैस के प्राप्य भण्डार देश के विभिन्न भागों अर्थात् पश्चिमी अपतट, केम्बे, ऊपरी असम, असम-अराकन (त्रिपुरा), राजस्थान, कृष्णा-गोदावरी बेसिन, कावेरी बेसिन तथा कच्छ में फैले हैं। अन्वेषणात्मक कार्यों के बारे में पहले से ही यह कहना सम्भव नहीं है कि कहां पर प्राकृतिक गैस के मिलने की सम्भावना है।

(ग) हाइड्रो कार्बन के अन्वेषण के कार्य में सोवियत संघ 1955 से भारत के साथ सहयोग कर रहा है।

(घ) जी, हां। सर्वेक्षण से पता चला है कि तटवर्ती क्षेत्र में प्राकृतिक गैस का शेष प्राप्य भण्डार लगभग 100 बिलियन घनमीटर तथा अपतट क्षेत्र में लगभग 379 बिलियन घनमीटर है।

शिक्षित बेरोजगारों को पेट्रोल पम्प स्टेशनों का आवंटन

1395. **श्री जगदम्बी प्रसाद यादव** : क्या **पैट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) दिल्ली में कितने पेट्रोल पम्प स्टेशन हैं और इनमें से कितने पढ़े लिखे बेरोजगार को आवंटित किये गये हैं और इस बारे में सरकार ने क्या नीति अपना रखी है ; और

(ख) उक्त नीति के अधीन पढ़े लिखे बेरोजगारों को अब और कितने पेट्रोल पम्प स्टेशन आवंटित किये जाने की सम्भावना है ?

पैट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के **राज्य मंत्री** (श्री चन्द्र शेखर सिंह) : (क) दिल्ली में 232 पेट्रोल पम्पों में से अधिकतर बेरोजगार स्नातकों/बेरोजगार इंजीनियरी स्नातकों के लिए 25 प्रतिशत आरक्षण लागू करने से पहले ही चालू हो गए थे। इनमें से 11 डीलरशिप बेरोजगार स्नातकों/बेरोजगार इंजीनियरी स्नातकों को आवंटित की गई हैं। वर्तमान